भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2978

जिसका उत्तर दिनांक 03.08.2022 को दिया जाना है

परमाणु ऊर्जा उपक्रमों में ग्रेड 'डी' के पद

2978. श्री सी. पी. जोशी :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या परमाणु ऊर्जा के उपक्रमों में ग्रेड 'डी' के पदों पर स्थानीय नियुक्त करने का कोई प्रावधान है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में नियम क्या हैं और उक्त कर्मचारियों को क्या सुविधाएं दी जा रही हैं;

(ग) क्या राजस्थान में स्थित उपक्रमों सहित सभी उपक्रमों में ग्रेड 'डी' के पदों पर स्थानीय लोगों की भर्ती की जा रही है; और

(घ) यदि हां, तो गत तीन वर्षों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

(क) तथा (ख) छठवें केंद्रीय वेतन आयोग के क्रियान्वयन के बाद, वर्ग 'ग' में प्रवेश स्तर की भर्ती होती है और इसलिए परमाणु ऊर्जा विभाग के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में वर्ग 'घ' की भर्ती नहीं की जाती है। तथापि, परमाणु ऊर्जा विभाग के अधीन सार्वजनिक उपक्रम यूरेनियम कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) पुनःस्थापन एवं पुनर्वासन नीति-2006 के अनुसार स्थानीय लोगों (विस्थापित भूमि) के लिए वर्ग 'घ' काडर में भर्ती करता है और उनके नियम और सुविधाएं उक्त नीति द्वारा शासित की जाती हैं।

(ग) तथा (घ) यूसीआईएल का वर्तमान में राजस्थान में कोई संचालन नहीं है और पिछले तीन वर्षों में उक्त स्थान पर कोई भर्ती नहीं की गई है।

*****